**राज्यपाल सचिवालय**
**राजभवन, जयपुर**

## भारत को जानें' कार्यक्रम के तहत 14 देशों से आए युवाओं ने राज्यपाल श्री मिश्र से भेंट की

## राज्यपाल ने भारतीय संस्कृति और राजस्थान से जुड़ी युवाओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया

जयपुर, 8 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को राजभवन में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के 'भारत को जानें' कार्यक्रम के तहत 14 देशों से आए विदेशों में रह रहे भारतीय युवा प्रतिभागियों ने मुलाकात की। इन प्रतिभागियों में ऑस्ट्रेलिया, फिजी, गुयाना, इजराइल, मलेशिया, मॉरीशस, म्यामांर, न्यूजीलैण्ड, पुर्तगाल, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो देशों में रह रहे भारतीय मूल के प्रतिनिधि युवा सम्मिलित थे।
राज्यपाल श्री मिश्र ने राजस्थान में इस प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय मूल के विदेश में रह रहे युवाओं के लिए भारत भ्रमण का यह कार्यक्रम विचारों, आकांक्षाओं और अनुभवों का आदान-प्रदान करने का अच्छा अवसर है। उन्होंने विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के युवाओं का आह्वान किया कि वे अपने अपने देशों में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भारतीय संस्कृति का प्रसार करें। उन्होंने कहा कि 'नो इण्डिया' कार्यक्रम भारत की कला, विरासत और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं से युवाओं को अवगत कराने के उद्देश्य से ही भारत सरकार ने प्रारम्भ किया है।
इस अवसर पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विदेशों में रह रहे भारतीय युवाओं द्वारा संविधान, संस्कृति और राजस्थान से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के आलोक में की गयी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।
इससे पहले हरिश्चन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान की अतिरिक्त निदेशक श्रीमती रितु नंदा ने 'नो इण्डिया' कार्यक्रम के तहत आए प्रतिभागियों का परिचय देते हुए राजस्थान में यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित थे।